# डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | द्वितीय कृष्ण ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 3 – 2083 | भोपाल,दिन बुधवार, दिनांक 03 जून ,2026


## न्यूज गैलरी

### संविदा स्वास्थ्यकर्मियों का धरना शुरू

**भोपाल।** संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ गत से 02 जून से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन धरना–प्रदर्शन को एकजुट और प्रभावी बनाने के लिए पूरे प्रदेश में समान कार्यविधि के साथ एक दिवसीय चरणबद्ध कार्यक्रम जारी किया। संघ अध्यक्ष जितेन्द्र भदौरिया ने कहा, हर जिले में एक जैसी गतिविधि से आंदोलन की आवाज एक साथ और साफ पहुंचेगी। कार्यक्रम के पहले दिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकृत संघी आदेशों की सांकेतिक प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज होगा। प्रदेश महामंत्री त्रिलोक्य बघुवंशी के अनुसार, दूसरे दिन पाठ लगाकर जनसेवा के जरिए जनसाधारण जुटाया जाएगा।

### महिला वित्त – विकास निगम के चुनाव

**भोपाल।** महिला वित्त एवं विकास निगम कर्मचारी संघ की आम सभा में दुनाव संपन्न हुए। इसमें अनिल बाजपेई को संरक्षक, राजेंद्र कोठारी को अध्यक्ष, नाथ मिश्रा को अध्यक्ष, लोकेन्द्र व्यास को महामंत्रि और राधेश्याम रीन को कोषाध्यक्ष चुना गया। संघ की ओर से बताया गया कि गत्त के बाद कार्यालय में लुंबी समस्याओं के निराकरण के लिए संगठित रूप से प्रयास किए जाएंगे। नई कार्यकारिणी ने शहर कि जाएं ही बैठक बुलाकर कर्मचारियों की मांगों पर चर्चा की जाएगी और एक ज्ञापन तैयार किया जाएगा। वेतन जारी प्रबंध संचालक को सौंपा जाएगा, ताकि मुद्दों पर औपचारिक कार्रवाई आगे बढ़ सके।

### घर में अकेला देखकर 13 साल की बच्ची से अश्लील हरकत, मुकदमा दर्ज

**भोपाल।** चूना भट्ठी पुलिस ने एक युवक के खिलाफ नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में पॉक्सो के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

चूना भट्ठी पुलिस के मुताबिक 13 वर्षीय बच्ची ने पढ़ाई छोड़ दी है। उसके पिता पुताई का काम करते हैं। वे बंगलों में काम करती है। सोमवार को माता–पिता काम पर गए थे। उसकी छोटी बहन बाहर खेलने गई थी। बच्ची घर में अकेली थी। विक्टिम से ही मिलए पर रहने वाला जितेंद्र पटेल बच्ची के घर पहुंचा। उसने कहा कि घर में कोन है। बच्ची ने बताया कि सब काम पर गए हैं। वह अकेली है। बच्ची के अकेले होने का फायदा उठाकर आरोपी घर में घुस गया। उसने छेड़छाड़ की। जब परिजन घर पहुंचे तो बच्ची ने उन्हें घटना बताई। इसके बाद वे बेटी को लेकर थाने पहुंचे। आरोपी जितेंद्र पटेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

### एमपी ऑनलाइन केंद्र पर छापा, 125 प्रकार की दवाएं जब्त

**भोपाल।** भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित ग्राम पैरावाखेड़ा में औषधि प्रशासन विभाग ने एक एमपी ऑनलाइन केंद्र पर छापा मारकर बिना लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोर और क्लिनिक का खुलासा किया। यहां नो गंगा फार्मास्यूटिकल्स एवं मेडिकल के नाम से दवाओं की बिक्री की जा रही थी। ड्रग इंस्पेक्टर ईशा शिंगाडे के अनुसार करीब 125 प्रकार की दवाएं, जिनकी कीमत लगभग 50 हजार रुपए है, जब्त कर सील कर दी गई। मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### कोलार की 15 कॉलोनियों को नोटिस, दस्तावेज मांगे

**भोपाल।** नगर निगम ने कोलार क्षेत्र की 15 निर्माणाधीन निजी कॉलोनियों के कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किए हैं।

## फैसले लिए | मोहन कैबिनेट ने जनकल्याण के लिए कई अहम फैसले किए

# 48.32 लाख निजी संपत्तियों की होगी रजिस्ट्री, 58 लाख बच्चों को देंगे गणवेश

### सरकार के इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले ऐसे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, जो किसी कारण से बैंकों से लोन आदि नहीं ले पाते थे

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

राज्य सरकार ने मंगलवार को दो बड़े फैसले लिए। पहले में स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन और सैटेलाइट सर्वेक्षण से चिह्नित 48.32 लाख निजी एवं 10 लाख से अधिक सामुदायिक संपत्तियों के लिए रजिस्ट्रीकृत स्वामित्व दस्तावेज जारी करने का निर्णय लिया है। दूसरे में सरकार ने पहली से आठवीं तक के सरकारी स्कूलों के करीब 58 लाख बच्चों को सिले–सिलाए गणवेश देने का निर्णय लिया है। इससे पहले अभिभावकों को 600 रुपए प्रति गणवेश की राशि डीबीटी के जरिए सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती थी। अब रेडीमेड गणवेश मिलेगा। कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। इस बैठक में मुख्य 19 मुद्दों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट में लिए गए निर्णयों के बारे में मंत्री दीपक जायसवाल ने पत्रकारों को ब्रीफ किया। उन्होंने बताया कि सरकार के इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले ऐसे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, जो किसी कारण से बैंकों से लोन आदि नहीं ले पाते। बैंक सूचीबद्ध ग्रामीण क्षेत्रों की संपत्तियों पर लोन नहीं देती, अब यह दिक्कत दूर हो जाएगी। इस योजना के तहत पंचायत सचिव और पंचायत सहायक का पूरा खर्च अब राज्य सरकार वहन करेगी, जिससे सरकार पर 3.800 करोड़ से अधिक का अतिरिक्त भार पड़ेगा। इन्हें लोगों से कम वसूली करने के लिए इन्सेंटिव दिया जाएगा। इसके लिए ग्रीन जोन का प्रावधान एवं फिक्स्ड टारगेट का निर्धारण एवं फोकस किया जाएगा, ताकि नागरिक अपरिवर्तनीय गृह निर्माण अभियान एवं कृषि गतिविधियों आदि के लिए अन्य लाभ का अधिकार अनिश्चित किए गए हैं। उन्हें लोगों से कम वसूली करने के लिए इन्सेंटिव दिया जाएगा। इसके लिए ग्रीन जोन का प्रावधान एवं फिक्स्ड टारगेट का निर्धारण एवं फोकस किया जाएगा, ताकि नागरिक अपरिवर्तनीय गृह निर्माण अभियान एवं कृषि गतिविधियों आदि के लिए अन्य लाभ का अधिकार

पहली से 8 वी तक के विद्यार्थियों को सिली हुई गणवेश मिलेगी इससे पहले 600 रु. मिलते थे

*मप्र एकता राज्य होगा जहां ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी के नागरिकों के भू-खंड संबंधी अधिकार सुरक्षित कर उनकी आर्थिक उन्नति के मार्ग को प्रशस्त किया जा रहा है*

**पात्र हितग्राहियों को संपत्ति का कानूनी रूप से मान्य दस्तावेज मिलेगा**

सरकार के इस निर्णय से पात्र हितग्राहियों को उनकी संपत्ति का कानूनी रूप से मान्य स्वामित्व दस्तावेज प्राप्त होगा। इससे ग्रीन जोनिंग में संपत्ति आधारित ऋण सुविधा योजना–2026 को स्वीकृति दी। कैबिनेट ने निर्णय लिया कि राज्य में स्वामित्व योजना में जिन भू–खण्डधारियों ने अपनी संपत्ति का कानूनी रूप से मान्य स्वामित्व दस्तावेज प्राप्त होगा।

**गणवेश की पुरानी व्यवस्था लागू होगी**

हालांकि हालांकि में पढ़ाई कर रहे छात्र–छात्राओं को डीबीटी का लाभ मुहैया होने से पहले 2 जोड़ी यूनिफॉर्म दिया जाना सुविधा है। अभी तक पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों के बैंक खातों में 600 रुपए के मान से राशि भेजी जाती थी। इससे वे अपनी सुविधा अनुसार यूनिफॉर्म खरीदते थे। इसमें सहते उस सहायता राशि से गणवेश खरीदने का अधिकार सरकार ने दिया था। काफी संख्या पहले सिले सिलाए गणवेश देने की योजना थी, किंतु भारी भरकम सौ गणवेश में लगातार सरकार ने इसके लिए डीबीटी के जरिए राशि देने का निर्णय लिया था। अब एक बार फिर से सरकार पुरानी व्यवस्था के तहत गणवेश देने का निर्णय लेने जा रही।

## नकदी–जेवर के स्रोत का संतोषजनक जवाब नहीं दे सके

# संपत्तिय पूर्व आबकारी अफसर की 18.20 करोड़ की संपत्तियां अटैच

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

अलीराजपुर के पूर्व जिला आबकारी अधिकारी मनीष सिंह भदौरिया पर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच में उनकी वैध आय करीब 2 करोड़ रुपए मिली। इसके मुकाबले 11.18 करोड़ रुपए की संपत्ति और खर्च सामने आए हैं। यानी करीब 9.18 करोड़ रुपए की अनुपातहीन संपत्ति मिली है, जो उनकी ज्ञात वैध आय से करीब 459 प्रतिशत ज्यादा है। इसके बाद ईडी की भोपाल जोनल यूनिट ने भदौरिया और उनके परिवार से जुड़ी 18.20 करोड़ रुपए की अनुपातहीन संपत्ति का पता लगाया है। ईडी ने इन संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच कर दिया है। करीब ढाई लोकायुक्त पुलिस इंदौर की एफआईआर के आधार पर पीएमएलए के तहत की गई है। ईडी के अनुसार भदौरिया और उनके परिवार से जुड़े कई ठिकानों और बैंक लॉकरों पर तलाशी ली गई। यहां से बड़ी मात्रा में नकदी, सोने के आभूषण, बुलियन, चांदी और अन्य कीमती सामान मिला। जांच के दौरान भदौरिया ने नकदी और आभूषणों पर अपना स्वामित्व स्वीकार किया। हालांकि इनके स्रोत से जुड़े कोई विश्वसनीय दस्तावेज पेश नहीं कर सके। जांच में यह भी सामने आया कि भदौरिया और उनके परिवार ने जांच अवधि के दौरान कई महंगी चल और अचल संपत्तियां अर्जित कीं। इन संपत्तियों में लगाए गए धन का स्रोत भी संतोषजनक नहीं पाया गया।

ईडी ने जांच में 18.20 करोड़ रुपए की अनुपातहीन संपत्ति का पता लगाया है। ईडी ने इन संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। एजेंसी का कहना है कि संपत्तियों को विधिवत, दस्तावेजों के जरिए अपने व बेचने से रोकने व भविष्य में जब्ती की कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

## कांग्रेस ने बनाई विशेष वोटर वेरिफिकेशन विंग

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

मप्र में अगले साल होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के लिए कांग्रेस ने अपनी रणनीति पूरी तरह बदल दी है। पार्टी अब केवल सड़कों पर प्रदर्शन और आंदोलन करने तक सीमित नहीं रहेगी। उसकी नजर सीधे बूथ स्तर की सबसे बड़ी ताकत, यानी वोटर लिस्ट, पर है। कांग्रेस ने दो अलग–अलग स्वतंत्र सूचियों के पैनल को दुरुस्त और जमीनी स्तर पर सक्रिय शामिल करने के लिए एक विशेष रणनीति तैयार की है।

नगरीय निकाय चुनाव में सत्ताधारी दलों की बढ़त वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को ठीक करने और अंतिम वोटर तक पहुंचने कांग्रेस की एक विशेष वोटर वेरिफिकेशन विंग काम करेगी। इस पूरी टीम की कमान और देखरेख की जिम्मेदारी दो पूर्व नगरीय निकाय मंत्रियों, सज्जन सिंह वर्मा और जयवर्धन सिंह, को सौंपी गई है। ये नगरीय निकाय को स्थान में स्थानीय प्रशासनिक अनुभव के आधार पर पूरे प्रदेश में इस विंग की गतिविधियों और कामकाज की निगरानी करेंगे।

## दिशा शर्मा केसरू कोर्ट में सुरक्षा और व्यवहार को लेकर उठे सवाल, गिरिबाला सिंह जेल भेजी गई

### पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद कोर्ट में पेश

**डीआर संवाददाता॥ पन्ना**

दिशा शर्मा मीट मामले में सीबीआई ने मंगलवार को पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद कोर्ट में पेश किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनाला चतार ने दोनों को 18 जून तक 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिए। सीबीआई ने इस दौरान आगे की रिमांड नहीं मांगी, हालांकि

उसका पहले पर दोबारा रिमांड लेने की बात कही।

सुनवाई के दौरान समर्थ सिंह के वकील ने दावा किया कि उनके पैर में चोट है और मेडिकल जांच में इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। वहीं गिरिबाला सिंह ने खुद को बुजुर्ग बताते हुए कहा कि लीन वेरिफिकेशन के दौरान उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि जज रहते हुए उन्होंने कई आरोपियों को राजा सुनाई है, इसलिए जेल में उनकी सुरक्षा को खतरा हो सकता है। कोर्ट में जबलपुर में कथित सतीश के आरोपों को लेकर भी बहस हुई। दिवंगत पत्रकार के कथित अनुसार श्रीवास्तव ने सतीश के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने केवल फटकार लगाई थी पकड़ने में पकड़ नहीं की थी और इसकी पुष्टि सीसीटीवी फुटेज से हो सकती है। मौसतव है कि गिरिबाला सिंह भोपाल में प्रभात मिश्रा एवं सह न्यायाधीश राव अपर सत्र न्यायाधीश के रूप में सेवाएं दे चुकी हैं और अपने कार्यकाल में कई गंभीर मामलों में फैसले सुना चुकी हैं।

## नौकरी व बिजली बिल के नाम पर 7.49 लाख ठगे

**भोपाल।** मिसरोद थाना इलाके में साइबर ठगों ने दो अलग–अलग वारदातों को अंजाम दिया। एक युवती और एक प्राइवेट कर्मचारी को शिकार बनाया। पुलिस ने 1 जून को रात दोनों मामलों में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।डिवाइन कॉलबून निवासी नेहा पटेल की जान–पहचान जीवनसाथी डॉटकॉम पर शादी फाउंडेशन नाम के बुकर से हुई थी। आरोपी शरद ने नेहा को झांसे में लिया। नौकरी दिलाने के नाम पर फोनपे के जरिए सितंबर 2024 से अब तक 5,60,000 ठगवा लिए। पुलिस ने आरोपी शरद के खिलाफ धोखाधड़ी, ठगी, जबरन वसूली का केस दर्ज किया है।

**बिजली का कनेक्शन काटने का कर दिखाया**

दूसरी वारदात सागर रोजल जिला निवासी मधुर बुजुर (40) के साथ हुई। वह प्राइवेट जॉब करते हैं। उनके मोबाइल पर सलमान के नाम से मैसेज आया था। शिकायत कि बिल अपडेट न होने पर कनेक्शन काट दिया जाएगा। पीड़ित ने दिए गए नंबर (6080154348) पर संपर्क किया।

## पेट्रोल–डीजल 10 रुपए तक हो सकता है महंगा !

**भोपाल।** क्रेडिट रेटिंग इंफॉर्मेशन सर्विसेज ऑफ इंडिया लिमिटेड (क्रिसिल) की रिपोर्ट के अनुसार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि से अर्थव्यवस्था पर मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ेगा, किसानों परिवहन और विनिर्माण लागत में और अगर कच्चे तेल के दाम ऊंचे स्तर पर बने रहते हैं तो यह बचतों निकट भविष्य में 10 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच सकती

## ट्रेनों में महिला यात्रियों का पर्स

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

चलती ट्रेनों में महिलाओं के झांसामारी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के शातिर सदस्य आदित्य उर्फ शिवू महाराज को जीआरपी भोपाल कमलापति ने गिरफ्तार किया है। आरोपी एमपी, यूपी और महाराष्ट्र का वांटेड है, जिसे झांसी स्टेशन पेल से प्रोडक्शन वारंट पर भोपाल लाया गया। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर करीब 203 लाख रुपए का माल बरामद किया है।

जीआरपी के अनुसार, 14 दिसंबर 2025 को अंबेडकर नगर निवासी शिकायतकर्ता एक्सप्रेस से सफर कर रही थीं। ट्रेन जैसे ही रानी कमलापति स्टेशन से रवाना हुई, बदमाश उनके सिरहाने से 5.51 लाख के जेवरात व नकदी वाला पर्स पहले नाबालिग और सुबह को फरार हो गया।

जीआरपी ने पहले एक विदेशी वालना और एक मोबाइल को गिरफ्तार किया था। करीब 321 लाख रुपए का माल बरामद किया गया था। जीआरपी को एक फरार आरोपी आदित्य उर्फ शिवू

## चारधाम यात्रा के नाम पर बुजुर्ग महिला से 1.86 लाख की ठगी

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

चारधाम यात्रा के नाम पर जालसाजों ने शहर की एक बुजुर्ग महिला को अपना शिकार बनाते हुए 1.86 लाख रुपये की बड़ी ठगी को अंजाम दिया है। अयोध्यापुरी थाना क्षेत्र की पेड़वाली कॉलोनी में रहने वाली 61 वर्षीय रेखा बाबम पत्नी देवेंद्र शुक्लर के साथ यह ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई है।

पीड़िता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर चारधाम यात्रा से जुड़ा एक विज्ञापन देखा था। यात्रा की बुकिंग के लिए उन्होंने विज्ञापन में दिए

गए नंबर पर संपर्क किया। जालसाजों ने खुद को ट्रैवल एजेंट बताकर महिला को अपनी बातों में फंसाया और रजिस्ट्रेशन, होटल बुकिंग और टिकट कन्फर्म करने के नाम पर अलग–अलग किस्तों में कुल 1 लाख 86 हजार रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए।

महीनों भर बाद एफआईआर दर्ज कर पूरी धोखाधड़ी 2 मई से 3 मई के बीच अंजाम दी गई थी। जब रकम ट्रांसफर होने के काफी दिनों बाद भी महिला को बुकिंग की कोई रसीद या टिकट नहीं मिले और आरोपियों के नंबर बंद आने लगे, तब पता चली उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पीड़िता की शिकायत पर अयोध्यापुरी थाना पुलिस ने 1 जून को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब बैंक खातों और मोबाइल नंबरों के आधार पर ठगों की लोकेशन ट्रेस करने में जुटी है।

## मानसून | प्रदेश में बढ़ेंगी प्री–मानसून की गतिविधियां, आंधी का भी अलर्ट

# नया पूर्वानुमान... कल केरल आ सकता है मानसून

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार को गर्मी से काफी राहत रही। दिन और रात का पारा सामान्य से औसतन 4 और 3 डिग्री तक नीचे दर्ज हुआ है। प्रदेश में औसत दिन का तेज पेज 6 पर

**लखनेश.** प्री–मानसून की बौछारों से भीगा भोपाल, रात का पारा 22 , कई जिलों में बारिश, ओले भी गिरे

भोपाल। गीतपत के आखिरी दिन यानि मंगलवार को भोपाल सहित प्रदेश के 60 जिलों में प्री मानसून गतिविधि जारी रही। भोपाल में फिर बौछारें पड़ी। जिससे रात का तापमान 22 डिग्री तक आ गया। वहीं मंगलवार को दिन का पारा 37 डिग्री रहा। 24 घंटे में प्रदेश के 30 जिलों में बारिश हुई। 10 जिलों में ओले गिरे। बारिश का ज्यादा असर मालवा निमाड़ ग्वालियर चंबल बुंदेलखंड

प्रदेशभर में दिन–रात का पारा सामान्य से औसतन 4 डिग्री तक नीचे होने से

**उत्तर–दक्षिण में छाए बादल**

**नई दिल्ली।** मानसून का इंतजार खत्म होने जा रहा है। भारतीय मौसम विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में बताया है कि मानसून 4 जून को केरल के तटों पर दस्तक दे सकता है। इसके बाद अगले एक हफ्ते में वह तमिलनाडु, कर्नाटक व दक्षिण भारत के अन्य हिस्सों में आगे बढ़ सकता है। वैसे केरल में मानसून के आने की सामान्य तारीख एक जून है। इससे पहले के पूर्वानुमान में विभाग ने मानसून के 28 मई को केरल पहुंचने की संभावना जताई थी। लेकिन अनुकूल परिस्थितियां न होने के कारण मानसून 11 दिन से आगे बढ़ गया।

**लगेगा . . . तेज़झटका**

मौसमों का अलर्ट मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में ही बारिश, तेज हवा चलने और तापमान कम रहने का अलर्ट जारी किया है। भोपाल में भी बदल छाए रहेंगे।

**क्या पूर्वानुमान . . . कब केरल आ सकता है मानसून**

## स्लॉटर हाउस मामला, भाजपा का चेहरा बेनकाब, पटवारी

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भोपाल नगर निगम के संचित स्लॉटर हाउस एवं टेंडर अनियमितता मामले में भाजपा सरकार और प्रशासन का चेहरा बेनकाब हो गया है। कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता अभिनव बरोलिया द्वारा उठाए गए मुद्दों पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) द्वारा उनके बयान और साक्ष्य के लिए बुलाए जाने का कांग्रेस स्वागत करती है।

पटवारी ने कहा कि सालों वर्षों से गोवंशों और धार्मिक भावनाओं के नाम पर राजनीति करती रही है, लेकिन जवाबदेही के मामले पर मौन हो जाती है। कांग्रेस के निर्देश

पर ही बरोलिया ने इस घोटाले को उजागर करने की जिम्मेदारी उठाई थी, जिससे साफ है कि हमारे सवाल निराधार नहीं थे। बरोलिया 9 जून को ईओडब्ल्यू के सामने पेश होकर अपने बयान और साक्ष्य दर्ज कराएंगे। कांग्रेस को उम्मीद है कि इस मामले की जांच निष्पक्ष और पारदर्शी होगी।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर द्वितीय कृष्ण ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 3 - 2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 03 जून 2026


**ख्याना पूर्ति** जैविक खेती और योजनाओं की किसानों को देना थी जानकारी, समस्याओं का किया जाना था समाधान

## कागजों में दौड़ा कृषि रथ, धरातल पर धोखा: किसानों को योजनाओं की जानकारी नहीं, 50 हजार की राशि हजम

डीआर संवाददाता»इछावर

खरीफ सीजन की शुरुआत शुरू होने से पहले किसानों को पराली प्रबंधन, जैविक खेती, स्वाइल हेल्थ कार्ड और आधुनिक कृषि उपकरणों जैसी गतिविधियों के बारे में जानकारी देने के लिए शासन द्वारा प्रदेशभर में कृषि रथ अभियान चलाया गया। लेकिन तहसील क्षेत्र में प्रशासनिक लापरवाही के कारण यह यह अभियान सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया। जिम्मेदारों ने कृषि रथ धरातल पर गांव गांव न पहुंचाकर कागजों में ही जानकारी बांटाया। योजनाओं में रथ नहीं पहुंचने से न सिर्फ सरकार के इस महत्वाकांक्षी अभियान को पलीता लगा बल्कि किसानों को योजनाओं की जानकारी से भी वंचित होना पड़ा।

सरकार ने वर्ष 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया है। इसी के तहत प्रदेशभर में कृषि रथ अभियान चलाया गया। यह अभियान विकासखण्ड में 21 मई से 30 मई तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित था। इसके तहत 10 दिनों तक कृषि रथ गांव गांव पहुंचकर किसानों को पराली प्रबंधन, जैविक खेती, स्वाइल हेल्थ कार्ड और आधुनिक कृषि उपकरणों जैसी गतिविधियों के बारे में जागरूक किया जाना था। रथ के साथ कृषि विभाग अधिकारियों के अलावा कृषि विज्ञान के-6, कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ शामिल होना थे। लेकिन इस दौरान कृषि वैज्ञानिक सीधे किसानों से संवाद कर उन्हें खेती में आ रही समस्याओं का मौके पर ही समाधान बताया जा सकें। इस रथ का रूट इस तरह तय किया गया जाना था कि सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंच सुनिश्चित हो सकें। कृषि रथ के संचालन हेतु करीब 50 हजार रुपए की राशि भी आवंटित की गई। इस राशि से रथ का संचालन, गांवों में कार्यक्रम और प्रचार प्रसार किया जाना था। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही और उदासीनता के कारण रथ विकासखण्ड के सभी गांवों में नहीं पहुंचा। स्थिति यह रही कि अधिकारियों द्वारा सह गांव पहुंचकर अभियान की रस्म अदायगी कर दी गई। ऐसे में किसानों को न तो योजनाओं की जानकारी मिल सकी और न ही लगातार समस्याओं का समाधान हो पाया।

### किसानों का आरोप, रथ गांव आया न जानकारी मिली

गांव दौलतपुरा के किसान एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर जायसवाल, भारतीय किसान मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं आर्य गांव के वरिष्ठ किसान रामलखन जाधाड़, ग्राम रघुनाथपुरा के हेमराज पटेल, दुदावड़ी के सुरेश जाट इरलोड के महेश यादव, आदि किसानों ने बताया कि उनके गांव में अभी तक कृषि रथ आया और न ही कृषि व अन्य विभागों के अधिकारी आए हैं। किसानों को आधुनिक खेती और उपकरणों की जानकारी भी नहीं है। अधिकांश किसान परंपरागत तरीके से ही खेती कर रहे हैं जिससे उत्पादन में कोई खास बढ़ोत्तरी नहीं हो पा रही है। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष राजमल नागर का कहना है कि सरकार द्वारा किसानों की आमदनी बढ़ाने और उन्हें आधुनिक खेती से जोड़ने के लिए विभिन्न योजनाएं और अभियान चलाकर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के कारण किसानों को

### कृषि रथ से खेती के बदलते तरीकों से किसानों को कराना था रूबरू

ई-टोकन से खाद वितरण सही मात्रा में उपलब्ध की देना भी जानकारी।

जैविक और आधुनिक खेती अपनाने के फायदे तरीके बताना। मिट्टी जांच और स्वाइल हेल्थ कार्ड का महत्व समझाना। फसलों में कीट और बीमारियों से बचाव के उपाय बताना। खेती में लागत घटाकर मुनाफा बढ़ाने की तकनीक समझाना एवं किसान खेत में अलग- अलग फसलें लेने के फायदों की जानकारी।

किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी देना। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के फायदे समझाना। फसली बीमा के नुकसान और प्रबंधन के तरीके बताना। खरीफ बुआई से पहले खेत समतल करने की तकनीक सिखाना।

### कृषि वैज्ञानिक के साथ प्रगतिशील किसानों को करना था शामिल

कृषि रथ सिर्फ योजनाओं का प्रचार नहीं करेगा गांवों में किसानों को समस्याएं सुनने और मौके पर समाधान बताने का भी काम करना था।

## पति को बांधकर महिला से दुष्कर्म,

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर जिले के बिलखिरियागंज थाना क्षेत्र में एक 22 वर्षीय विवाहिता के साथ दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपी ने रात में घर में घुसकर महिला के हाथ-पैर बांध दिए और उसकी साथ दुष्कर्म किया। घटना के दौरान महिला का पति घर लौट आया और बाहर से आवाज देने लगा। फंसते जाने के डर से आरोपी ने महिला की खोल दिया, लेकिन दरवाजा खुलते ही उसने पति पर हमला कर दिया और उसकी पिटाई कर दी। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद पीड़िता अपने परिजनों के साथ महिला थाना पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं तथा एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। मंगलवार देर शाम पुलिस ने आरोपी शालिक खां को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जारी है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पीड़िता के अनुसार घटना 31 मई की रात की है। पीड़िता का पति पास के गांव में एक बारात में गया हुआ था। घर लौटने में सुबिधा हो, इसलिए उसने पत्नी से दरवाजा बेसल कुंडी लगाकर रुकने को कहा था। रात करीब 2 बजे महिला घर में अकेली सो रही थी, तभी आरोपी खालिद खां धुंधले से घर में घुस आया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया।

महिला ने विरोध करने और शोर मचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने उसे जमीन पर पटक दिया। इसके बाद उसने महिला के स्कार्फ से उसके हाथ-पैर बांध दिए और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान महिला का पति घर लौट आया और बाहर से आवाज देने लगा। फंसते जाने के डर से आरोपी ने महिला की खोल दिया, लेकिन दरवाजा खुलते ही उसने पति पर हमला कर दिया और उसकी पिटाई कर दी। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

**न्यूज गैलरी**

### 1 से 7 जून तक स्वास्थ्य व पर्यावरण जागरूकता अभियान

सीहोर।बुदनी जलवायु परिवर्तन एवं नागर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग 1 से 7 जून तक जिले में जागरूकता गतिविधियां चला रहा है। सीएमएचओ के और विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य संस्थाओं में डीएचओ से बचाव, समय पर उपचार और स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी जानकारी दी जा रही है। 5 जून को वृक्षारोपण कार्यक्रम भी होंगे। विभाग ने सामाजिक संगठनों से पर्यावरण संरक्षण और गर्मी से बचाव संबंधी जनजागरूकता अभियान में सहयोग की अपील की है।

### 13 से 18 जून तक वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा

सीहोर।मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 13 से 18 जून तक जिले के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। यात्रियों का बोर्डिंग स्टेशन सीहोर रहेगा। कलेक्टर बालमुरुगन डी. ने संबंधित अधिकारियों को रेलवे स्टेशन तक परिवहन, ठहरने की व्यवस्था, सुरक्षा जांच और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### 9 जून को लगेगा युवा संगम रोजगार मेला

सीहोर।जिले के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 9 जून को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, सीहोर में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कंपनियां युवाओं का चयन करेंगी। जिला पंचायत एवं उद्योग केंद्र सहरोजगार योजनाओं के लिलाधियों को जागरूक करेगा, जबकि आईटीआई विभाग अप्रेंटिसशिप के लिए युवाओं का चयन करेगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा।

### बच्चों और गर्भवतियों का टीकाकरण

सीहोर।स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को शून्य स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत टीकाकरण शिविर लगाए जा रहे हैं। अब आंगनवाड़ी से एक साथ आयोजन से उपचारों से स्वास्थ्य विभाग में हलचल मच गई है।

## रेलवे निर्माण साइट पर इंजीनियर और कर्मचारी से मारपीट, 5 पर एफआईआर

डीआर संवाददाता»बुधनी

थाना क्षेत्र में रेलवे निर्माण के दौरान इंजीनियर और एक कर्मचारी से साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर नौ आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

शिकायतकर्ता अभिजीत साहू (26 वर्ष), निवासी कलाखाली, जिला खरगोन (मध्यप्रदेश) हाल निवासी गोकुल धाम कॉलोनी बुधनी ने पुलिस को बताया कि वह जेएमडब्लू कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। एक जून को दोपहर करीब 12:45 बजे वह अपने साथी हेमंत पाल के साथ बकेडी और दाहिनी आरा में नोट, मापने की जांच शुरू। वहीं हेमंत पाल के साथ जितेन्द्र सिंह गेहलोत और दीपक राइट पर मापने और निर्माण सामग्री उतारने लगे। मना करने पर तीनों ने गाली-गलौज की। शुक्र देर बाद वे सभी मीना, वीरू और सर्वेश के साथ वापस आए और फिर से विवाद शुरू कर दिया।

शिकायत के अनुसार, दीपक और वीरू ने अभिजीत साहू के साथ हाथ मुक्कों से मारपीट की, जबकि दीपक ने पत्थर से हमला किया, जिससे उसके पैर, गर्दन और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं।

## खोत से चने की 5 बोरियां चोरी अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

डीआर संवाददाता»बुधनी

बाछगांज थाना क्षेत्र में खेत से चने की बोरियां चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम नवाबाई निवासी भगीरथ मोहन (56) पिता स्वर्गीय सिंह मोहन खेती-किसानी का काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी फसल से निकले 17 बोरी चने खेत स्थित खले में खाली ट्रॉली में रखे हुए थे। 31 मई की रात करीब 10 बजे वह

खले से घर चले गए थे। अगली सुबह 1 जून को करीब 7 बजे जब वह वापस खले पहुंचे तो ट्रॉली में रखी 17 बोरियों में से 5 बोरी चना गायब मिला। हर बोरी में लगभग 50 किलोग्राम चना भरा हुआ था। चोरी हुए चने का कुल वजन लगभग ढाई क्विंटल है कीमत करीब 15 हजार रुपए बताई गई है। करियादी को अनुसार सभी बोरियों पर लाल रंग से उनका नाम नैमिशि मोहन लिखा हुआ था। पीड़ित ने आसपास तलाश की, लेकिन चने की बोरियों का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने थानाध्यक्ष माने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### 2. 30 लाख के लेन-देन को लेकर विवाद, जान से मारने की धमकी

बुधनी।बाछगांज थाना क्षेत्र में पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच कर दी है। मुख्य शिकायतकर्ता रामगोविन्द मीना ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 26 मई 2025 को शीतल गिरी को अपनी अनुबंध के तहत 2 लाख 30 हजार रुपए नगद दिए थे। अनुबंध के अनुसार 1 लाख 30 हजार रुपए 30 जुलाई 2025 तक व शेष एक लाख रुपए 30 दिसंबर 2025 तक लौटाए जाने थे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि तय समय सीमा बीत जाने के बाद भी राशि वापस नहीं की गई। एफआईआर के अनुसार एक जून 2026 की दोपहर करीब 3:30 बजे बाछगांज के पास इमली के पेड़ के नजदीक दोनों की मुलाकात हुई। इस दौरान रामगोविन्द मीना ने अपने रुपए वापस मांगे तो अनुबंध के अनुसार ट्रैक्टर देने की बात कही। आरोप है कि इस पर शीतल गिरी ने गाली-गलौज की और रुपए लौटाने से इनकार कर दिया।

शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि शीतल गिरी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद रामगोविन्द मीना ने बाछगांज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला पंजीबद्ध कर लिया है। आरोपी पक्ष का बयान अभी सामने नहीं आया है।

## तेज वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, मौत

डीआर संवाददाता» जावर।

इंदौर-भोपाल नेशनल हाईवे पर गेहावाला गांव के पास पीछे से आए एक वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

थाने के मुताबिक रविवार करीब 4 बजे हाइवर निवासी विनोद कुमार देवास तरफ से बाइक से अकेले घर जा रहे थे। पीछे से तेज वाहन चालक ने तेज रफ्तार में लापरवाही से बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। विनोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची।

शव को पोस्टमार्टम के लिए जावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। रविवार शाम होने से पोस्टमार्टम नहीं हो सका। मोगावर को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## प्री-मानसून बारिश, तापमान में गिरावट: आंधी से कई जगह पेड़ गिरे, 20 जून तक मानसून की संभव

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान मौसम में बड़ा बदलाव आया है। भीषण गर्मी और 44 डिग्री सेल्सियस तापमान से जूझ रहे जिले को प्री-मानसून बारिश और तेज हवाओं से राहत मिली है। तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, हालांकि आंधी के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ गिरने की घटनाएं भी सामने आई हैं।

दो दिनों की लगातार के बाद जारी गिरावट 27 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है, जिससे लोगों को लू से राहत मिली। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में जावर में 22 मिमी, जावर में 3.1 मिमी, इछावर में 13 मिमी, भोरेडा में 25 मिमी,

कुर्रा में 25 मिमी, खेड़ी में 16 मिमी, सीहोर में 2 मिमी और श्यामपुर में 3 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार जिले में कई जगहों पर तेज आंधी-तूफान भी आया। हवाओं की रफ्तार इतनी तेज थी कि सड़क किनारे और खेतों में कई पेड़ उखाड़ गिरे हो गए, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित हुआ। शुक्रवार से ही आसमान में काले घने बादल छाए हुए हैं और अलग-अलग जगहों में लगातार रिमझिम फुहारें पड़ रही हैं, जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, सीहोर समेत पूरे मध्य प्रदेश में इस बार मानसून की एंट्री में थोड़ी देरी हो सकती है। आमतौर पर 10 से 15 जून तक आने वाला मानसून 24 घंटे में किसी हुई बारिश

| | |
|---|---|
| आष्टा | 22.0 |
| जावर | 31 |
| भैरूंदा | 29.0 |
| सुपारी | 25 |
| खेड़ी | 16.2 |
| सीहोर | 20 |
| श्यामपुर | 30 |

साल 20 जून के आसपास सीहोर जिले में दस्तक दे सकता है। वर्तमान में हो रही बारिश प्री-मानसून गतिविधियों और पश्चिमी विक्षोभ के असर का परिणाम है। अनुमान है कि 20 से 30 जून के बीच मानसून पूरे जिले को कवर कर लेगा।

मौसम में आए इस बदलाव से गर्मी से राहत मिली है, लेकिन मौसम विभाग ने आंधी-तूफान को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ सकता है। स्वास्थ्य विभाग भी हालात पर नजर बनाए हुए है, क्योंकि बड़ी संख्या में कर्मचारियों के आंदोलन में शामिल होने से व्यवस्थाएं प्रभावित होना तय माना जा रहा है।

वर्षों से दबा आक्रोश आखिर फूट पड़ा,कर्मचारियों का आरोप है कि उन्होंने अपनी मांगों को लेकर कई बार शासन और प्रशासन का दरवाजा खटखटाया।

**हड़ताल** 502 स्वास्थ्यकर्मियों की बगावत से हिली व्यवस्था, अनिश्चितकालीन हड़ताल पर एनएचएम स्टॉफ

## हक की जंग में उतरे स्वास्थ्य योद्धा, 502 कर्मचारियों की हड़ताल से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप, सेवाएं प्रभावित

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिन कंधों पर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था टिकी हुई है, वही कर्मचारी अब अपने हक की लड़ाई के लिए मैदान में उतर आए हैं। मातृत्व और बच्चों की देखभाल से लेकर टीकाकरण और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी संभालने वाले एनएचएम के संविदा कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का बिगुल फूंक दिया है। 502 कर्मचारियों के एक साथ आंदोलन से उतरने से स्वास्थ्य विभाग में हलचल मच गई है।

कर्मचारियों का साफ कहना है कि अब आश्वासनों से काम नहीं चलेगा, अधिकार चाहिए तो संघर्ष भी होगा।

नई टीम बनी, आंदोलन को मिली नई धार एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की जिला एवं विकासखंड स्तरीय बैठक में संगठन का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से हरिओम नेगाड़ को जिलाध्यक्ष और सुश्री रश्मित उदार को जिला महिला अध्यक्ष चुना गया। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ ही आंदोलन को नई दिशा और नई ताकत मिल गई है। बैठक में मौजूद कर्मचारियों ने संगठन की मजबूती और मांगों की लड़ाई को अंतिम मुकाम तक पहुंचाने का संकल्प लिया। पदाधिकारियों का दावा था कि अब कर्मचारी किसी भी कीमत पर पीछे हटने वाले नहीं हैं।

स्वास्थ्य विभाग में बड़ी मिशा, सेवाओं पर गंभीर संकट सीहोर जिले में एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत 502 संविदा कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाते हैं। यही कर्मचारी टीकाकरण अभियान, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की योजनाओं और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के जमीन पर संचालित करते हैं।हड़ताल के कारण इन सेवाओं की रफ्तार धीमी पड़ सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ सकता है। स्वास्थ्य विभाग भी हालात पर नजर बनाए हुए है, क्योंकि बड़ी संख्या में कर्मचारियों के आंदोलन में शामिल होने से व्यवस्थाएं प्रभावित होना तय माना जा रहा है।

## अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री बालमुरुगन डी. तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्वेश यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 103 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बटवारा, आपसी विवाद, पेंशन-सामाजिक

विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री कंचना रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर द्वितीय कृष्ण ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 3 - 2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 03 जून 2026


## न्यूज गैलरी

### नर्मदा पाइपलाइन की टेस्टिंग और छूटे गांवों को जोड़ने की मांग

जावर। जावर में भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में नर्मदा परियोजना के तहत जिन गांवों में पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां शीघ्र टेस्टिंग कराने की मांग उठाई गई। साथ ही योजना से वंचित गांवों को भी जल्द शामिल करने की मांग की गई। किसानों ने फसल बीमा योजना में खेत को इकाई मानने और मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की बकाया राशि शीघ्र जारी करने की मांग भी रखी।

### जन परिषद की सुमेन बिंग की अध्यक्ष बनीं डॉ. साक्षी जैन

आष्टा। आष्टा की कर्मठ एवं संचालिका डॉ. साक्षी जैन को अखिल भारतीय सामाजिक संस्था जन परिषद की सुमेन बिंग, शाजापुर चौपटा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व केबीसीपी एनके जिराती द्वारा की गई। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि जन परिषद पिछले 37 वर्षों से सामाजिक और रचनात्मक कार्यों में सक्रिय है तथा देश-प्रदेश में इसके 300 से अधिक चौपटा संचालित हो रहे हैं।

### बिजली और उर्वरक समस्याओं पर किसान संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

आष्टा। भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक में किसानों ने बिजली आपूर्ति और उर्वरक वितरण की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। किसानों ने बताया कि शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं हो रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं हुआ तो किसान सीधे आंदोलन करेगा। ई-किसान प्रणाली में आ रही तकनीकी दिक्कतों को दूर कर समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने की भी मांग की गई।

### बारिश से मिली राहत, तापमान में 7 डिग्री की गिरावट

सीहोर। में रविवार और सोमवार को हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। अधिकतम तापमान 45-46 डिग्री से घटकर 38 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जबकि रात का तापमान भी 30 डिग्री से गिरकर 19.5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के तकनीकी अधिकारी डॉ. एनएस तोमर के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आया है और 7 जून तक सुहावना मौसम बने रहने की संभावना है।

### युवा कव्वाल कोड अथवा वॉट्सऐप नंबर के माध्यम से कर सकते हैं पंजीयन

सीहोर। खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार मध्य भारत सीहोर एवं शिवम संस्था द्वारा जिला साइकिल क्लब के अवसर पर युवाओं में स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और मिशन लाइफ के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 3 जून को सीहोर के आंचलीय स्कूल पर प्रातः 08 बजे युवा साइकिलिंग इवेंट का आयोजन किया जाएगा। इस साइकिलिंग इवेंट में भाग लेने के लिए इच्छुक युवा पंजीयन फॉस्टर में दिए गये क्यू आर कोड के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल नंबर 8878703026 पर व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। इवेंट में सहभागिता करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इनके साथ ही स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की सामूहिक शपथ भी दिलाई जाएगी।

भूमि पूजन

ग्राम कुरावर में 10 लाख से बनने वाले तीन शेड का विधायक ने किया भूमिपूजन

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के हर ग्राम में लिखा जा रहा विकास का इतिहास: इंजीनियर

डीआर संवाददाता»आष्टा

आष्टा विधानसभा क्षेत्र में विकास की बयार बह रही है। आज हर पंचायत में विकास के करोड़ों के कार्य चल रहे हैं और आगे आप सब जो कार्य बताएंगे, विकास के वो सब कार्य होंगे। मेरी इस आसन पर आप सब से वेदनित में एक अपील है की इन दिनों अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण एक नहीं अनेकों गम्भीर रूप से आर्थिक व अन्य समस्याओं से पूरा विश्व जूझ रहा है, भारत भी इससे अछूता नहीं है, लेकिन देश मजबूत हाथों में होने के कारण अभी परेशानियां कम है। संकट के इस दौर में आपसे अपील करता हु जो हमारी नागरिक दैनिक जीवन से स्वदेशी वस्तुओं का एवं डीजल पेट्रोल की बचत सहित प्रधानमंत्री ने जो बात अपील की है उसका पालन करें।

उक्त उद्गार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम पंचायत कुरावर में 10 लाख की लागत से बनने वाले तीन शेड के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम कुरावर में कहे।

कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम कुरावर पहुंचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का ढोल ढमाकों के साथ भव्य अगवानी कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इंजीनियर ने कहा की हर ग्राम का विकास मेरा लक्ष्य है, उसे पूरा करूंगा। विधायक निधि से ग्रामों में दानी नागरिक भवन बनेंगे जो सामाजिक, धार्मिक, संस्कृतिक कार्यक्रम ग्रामीण एवं छत के नीचे कर सकेंगे।

आज ग्राम कुरावर में 10 लाख से बनने वाले तीन शेड का भूमिपूजन किया है। आष्टा को लगातार विकास की सौगातें मिल रही हैं। मुझ जैसे युवा युवाओं के साथ भव्य अगवानी कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इंजीनियर ने कहा की हर ग्राम का विकास मेरा लक्ष्य है, उसे पूरा करूंगा।

विधायक निधि से ग्रामों में दानी नागरिक भवन बनेंगे जो सामाजिक, धार्मिक, संस्कृतिक कार्यक्रम ग्रामीण एवं छत के नीचे कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हम सभी दानी एवं पंचायतों का सहयोग लेकर, लक्ष्य विकास, सबका विकास के तहत मप्र 2047 तक विकसित भारत एवं विकसित मप्र तो लक्ष्य को लेकर लगातार आगे बढ़ रहे हैं और विकास के कार्य कर रहे हैं। नई ग्रामों में टीन शेड के निर्माण करवाये गये है ताकि ग्रामीण जन कार्यक्रम आयोजित कर सकें। विधायक ने कहा की हर ग्राम में नागरिकों को साफ, स्वच्छ पानी मिले इसके लिये मेरे क्षेत्र में 14 सौ करोड़ की जल जीवन मिशन के द्वारा हर घर तक नल से जल योजना प्रगति पर है। इसमें 200 ग्राम लाभान्वित होंगे।

विधायक इंजीनियर ने कहा की मेरे क्षेत्र के कृषि को लेकर मेरे क्षेत्र को नर्मदा परियोजना योजना को जो हाई सी कनेल की है उस जार्ज अंतिम छोर तक है इसी की धर्म के छोर तक हर खेत तक नर्मदा का पानी पहुंचे ये लक्ष्य है। इसमें मेरे क्षेत्र में 75 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई का रकबा बढ़ेगा, किसानों की आय में वृद्धि होगी, मेरा क्षेत्र हरा भरा होगा।

इस योजना से लगभग 200 ग्राम लाभान्वित होंगे। जब पहुंचेगा पानी नर्मदा मैया का मिलेगा तब हमारे किसान भाई जो अभी तक केवल दो फसल ही पैदा कर पाते है, वह तीन से चार फसल पैदा कर पायेंगे तब उनकी आय भी बढ़ेगी, परिवार का जीवन स्तर ऊंचा होगा, रहन सहन का स्तर बढ़ा होगा।

बन रहे कान्धाखेड़ी डेम से ग्राम कुरावर सहित लगभग 12 से 14 ग्रामों को कान्धाखेड़ी डेम से सिंचाई की सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि सेकस कार्य, जनकल्याण एवं सामूहिक कल्याण की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ मिलेगा।

## 50 किसानों की उपज लेकर फरार व्यापारी के पास 2021 से लाइसेंस ही नहीं

डीआर संवाददाता»अहमदपुर

सम्पूर्ण मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खेत से ही उपज खरीदने का लालच देकर एक व्यापारी ने पहले दर्जनों किसानों से गेहूं और सोयाबीन खरीदा। कुछ किसानों को एक से दो महीने में रुपए देने का वादा किया। कुछ को इंडावीर दिए। इसके बाद वादों की तय पूरा लगातार लापरवी फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत निवासी नरेश साहू पिता जगन्नाथ साहू क्षेत्र में उमरा ट्रेडर्स के नाम से गल्ले की दुकान चलाता था। क्षेत्र के करीब दो दर्जन से अधिक किसान पिछले 3-4 साल से अपनी गेहूं, सोयाबीन और मक्का की फसल इसी व्यापारी को बेचते आ रहे थे। नरेश ने भरोसे का फायदा उठाया। इस बार भी बड़े पैमाने पर अनाज खरीदा। अभी तक सामने आए किसानों के मुताबिक उसने कुल 5861 क्विंटल गेहूं और 280 क्विंटल सोयाबीन खरीदी। भुगतान की अवधि बीतते ही बाद किसानों ने नरेश से संपर्क किया। मोबाइल नंबर बंद करने लगा। किसान पंचायत उसके घर और दुकान पहुंचे। दोनों जगह ताला लगाकर के लोगों ने बताया, आरोपी व्यापारी 24 मई की रात करीब 12 बजे लोडिंग वाहन में फर्नी और बच्चों को बैठाकर घर का कीमती सामान समेटकर फरार हो गया। घटना काल - 2021 से ही उसके पास लायसेंस नहीं है।

पहले 5 साल तक लीज भुगतान, बिना समर्पण के मांग का आरोप किया, 1861 क्विंटल गेहूं और 280 क्विंटल सोयाबीन खरीदी कीमत लाख की खरीदी सोयाबीन, 2 लाख 55 हजार रुपए दे गया बकाया के किसान लगभग तीन से चार लाख रुपए बाकी रहे गया बताया। 10 अप्रैल को नरेश खेत पर आया और 200 क्विंटल सोयाबीन ले गया। इसकी कीमत 12 लाख 48 हजार 427 की जिसमें से 2 लाख 55 हजार रुपये दिए, बाकी पैसे का एक माह बाद वादा कर चला गया था। गांव का होने के कारण साल बैच दिया लगभग के माह पर उसका खरीदने के बाद दे गया था एक रसीद लिखता लिखीगिया के विशाल सिंह ने बताया कि गांव से करीब 15-20 किसानों से उपज लेकर गया।

## एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन ने किया सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन

डीआर संवाददाता»सीहोर

भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन इकाई सीहोर की सदस्य श्रीमती जानकी सोलंकी के 28 वर्षों की बैंक सेवा के पश्चात सेवा निवृत्ति होने पर सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम को दौरान उनके परिवार के सदस्य, भारतीय स्टेट बैंक एसएमई शाखा के मुख्य प्रबंधक व स्टाफ के साथ ही भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर एसोसिएशन इकाई सीहोर के सदस्य भी सम्मिलित हुए।

सर्वप्रथम जानकी सोलंकी का शाली उपस्थित सदस्यों ने पुष्प गुच्छ से सम्मान किया। उनकी सेवा निवृत्त शाखा के मुख्य प्रबंधक व स्टाफ द्वारा गमले में पौधे के साथ भेंट कर उनके गमले में लगे पौधे की तरह फलने फूलने की सुखद भविष्य की कामना की। स्टेट बैंक की सीहोर पेंशन इकाई के सभी सदस्यों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके जीवन की अगली पारी के लिये शुभकामनाएं दी।

जानकी सोलंकी के सभी परिवार सदस्यों ने भी पुष्प गुच्छ गुच्छ व उचित भेंट के साथ सम्मान किया।

## प्रदेश सनातन सेना का गठन, विभिन्न पदों पर हुई नियुक्तियां

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर में राष्ट्रीय महर्षि साधु संत भारत सनातन सेना के प्रदेश स्तरीय सनातन का गठन किया गया। राष्ट्रीय संरक्षक महामंडलेश्वर रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सन्नी सरवारे ने कहा कि सनातन धर्म का मूल आधार सामाजिक समरसता और समानता है। सनातन संस्कृति सभी को एक समान मानती है तथा वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत के माध्यम से विश्व कल्याण का संदेश देती है।

कार्यक्रम में गोरक्षा धर्मों को प्रदेश अध्यक्ष, सुनीता सतीश की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष, संत रामदयाल महाराज की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अजित पाल सिंह को अधिवक्ता प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष, रुपा मुरडा को व्यापारी प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री पंडित धुलाल भक्त को प्रदेश आयोग तथा प्रवन कंपट को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया।

राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित ने बताया कि संगठन का विस्तार देश के विभिन्न राज्यों में किया जाएगा और शीघ्र ही अन्य प्रदेशों के अध्यक्षों की नियुक्ति भी की जाएगी।

महामंडलेश्वर रामभूषण दास महाराज ने कहा कि सभी समाज और जागरूक नागरिकों का कर्तव्य है कि वे सनातन धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

उन्होंने कहा कि पश्चिमी सभ्यता के बढ़ते प्रभाव के कारण सांस्कृतिक मूल्यों के खोने चुनौतियां सामने हुई हैं। ऐसे समय में समाज को अपनी परंपराओं, संस्कारों और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहकर उन्हें सहेजने का प्रयास करना चाहिए।

## बकतरा में 25 क्वार्टर अवैध शराब जब्त

डीआर संवाददाता»बुदनी

खरहना थाना क्षेत्र में बकतरा चौकी पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई की। एक व्यक्ति को पकड़ा। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। बकतरा की खाड़ा तोल्हईहेड दुकान पर अवैध शराब बिक रही है। सूचना पर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेन्द्र उइके पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दबिश दी। दुकान पर मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम धर्मेंद्र चौहान बताया। उम्र 41 साल। निवासी सागोनिया। थाना भारतवाड़ा। जिला रायसेन। कब्जाना निवासी बकतरा। तलाशी में दुकान से 180 एमएल की 10 क्वार्टर देशी प्लेन व्हिस्की मिली। 180 एमएल की 15 क्वार्टर लाल मसाला देशी व्हिस्की मिली। कुल 25 क्वार्टर शराब बरामद हुई। मात्रा करीब 4.5 लीटर रही। कीमत करीब 2,355 रुपए बताई गई। पुलिस ने शराब रखने और बेचने की वैध दस्तावेज मांगे। आरोपी कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। पुलिस ने शराब जब्त की। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 में केस दर्ज किया। नमूना जब्त नहीं था। आरोपी को नोटिस दिया गया। न्यायालय में पेश होने के निर्देश दिए गए। जब्त शराब थानाखाने में जमा कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। बकतरा में कार्रवाई से मारपीट, बेल-बंदे से हमला, पुष्पराजगढ़ दर्ज बुदनी बकतरा में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर 4 से 6 जून तक तीन दिवसीय आयोजन

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर स्थित श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज ने विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर 4 से 6 जून तक तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का विषय 'प्रकृति से प्रेरित, जलवायु और हमारे भविष्य के लिए' रखा गया है।

कार्यक्रम का आयोजन कुलपति मो. (डॉ) मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कुलपतिव डॉ. राजेश शर्मा और परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय खरीर इसके संयोजक हैं, जबकि डॉ. रंजीत कुमार पुरी कार्यक्रम समन्वयक रहा डॉ. नीता खुरबंधवानी, देश दीपक श्रीवास और अंकिता नागमीर जोशी छात्र-समन्वयक की भूमिका निभा रहे हैं।

तीन दिवसीय आयोजन के दौरान विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए निबंध, भाषण, पोस्टर एवं शिल्पकला, मॉडल निर्माण तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता रैली, वृक्षारोपण, नुक्कड़ नाटक, पर्यावरण क्लब गठन और लघु फिल्म प्रदर्शन जैसी गतिविधियां भी होंगी।

## सीहोर क्लब ने एमजी क्लब को 2-0 से हराया स्व. रामेश्वरदयाद मिश्रा की स्मृति में फुटबाल प्रतियोगिता

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के शर्मा मैदान पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रवीण मिश्रा के पिता की स्व. रामेश्वरदयाल मिश्रा की स्मृति में राजकीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार की शाम को इसके अंतर्गत दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच सीहोर क्लब ने एमजी क्लब को 2-0 से हराया। इसमें सीहोर क्लब की ओर से शुभ-पुष्पा ने एक-एक गोल किया। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला सीहोर बाइज और सीहोर जिम्बून के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर बाइज की टीम 3-1 से विजय रही। इस मैच में एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नौजिया और मनोज दीक्षित मामा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहला मुकाबला एमजी क्लब और सीहोर क्लब के मध्य खेला गया था। इस मैच में सीहोर क्लब की टीम 2-0 से विजय रही। इसमें सीहोर क्लब की ओर से शुभ-पुष्पा ने एक-एक गोल किया। इसके अलावा वही एक अन्य मुकाबला भी एक तरफा रहा। इसमें सीहोर बाइज ने सीहोर जिम्बून को 3-1 से हराया। इस मुकाबले में सीहोर बाइज की ओर से रोहित, युवराज और अदिल ने एक-एक गोल किया। इधर सीहोर जिम्बून की ओर से अनुज ने एक मात्र गोल किया।

राजस्व बैठक

राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं शिकायतों के प्रभावी समाधान पर दें विशेष ध्यान - कलेक्टर

## राजस्व संबंधी कार्यों के लिए किसानों एवं आमजन को न होना पड़े परेशान - कलेक्टर

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरु के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने जिले में संचालित राजस्व संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, राजस्व सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा आमजन को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व जयंती, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन, लोक सेवा गारंटी, सीएम हेल्पलाइन, सारा पोर्टल, उपार्जन कार्य, ई-विकास के माध्यम से कार्य वितरण व्यवस्था तथा शर्मनर एंबिलटी की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व अधिकारियों को मूल कार्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण करना है, इसलिए सभी अधिकारी प्राथमिकता से सभी प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व संबंधी कार्यों के लिए किसानों और आमजन को परेशान न होना पड़े।

कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण में और अधिक तेजी लाई जाए तथा ऐसे प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाया जाए जो लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में निर्धारित मॉनिटरिंग कर जिले की रैंकिंग में सुधार लाया जाए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों को लेकर गंभीरता से लेते हुए उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए।

उन्होंने 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों के विशेष अभियान चलाकर समाप्त करने तथा शिकायतों के निराकरण प्रतिशत में सुधार लाने के निर्देश दिए।

## सहायक वर्ग-3 के लिए सीपीसीटी अनिवार्य, संघ 8 जून को देगा

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर मध्य प्रदेश लिपिक वर्ग राजस्व कर्मचारी संघ ने सहायक वर्ग-3 के लिए सीपीसीटी परीक्षा पास करने के आदेश का विरोध किया है। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश जुगौली के आह्वान पर बता गया कि यह आदेश सहायक वर्ग-3 की सीधी भर्ती पर लागू किया गया है। अनुकंपा नियुक्ति पर भी लागू किया गया है। संघ ने सहायक वर्ग-3 कर्मचारियों के लिए भी सीपीसीटी पास अनिवार्य कर दिया है, जिनकी आयु सीमा 40 वर्ष से अधिक हो चुकी है। शासन ने स्पष्ट किया है कि सीपीसीटी पास होने के बाद ही ऐसे सहायक वर्ग-3 की नियमित करने की कार्रवाई होगी।

**इन निर्देशों के विरोध में संघ की प्रांतीय शाखा 8 जून को**

बदन पर एकत्र होगी। यहां प्रदर्शन सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीहोर जिले के लिपिक कर्मचारियों से सुंदरलाल शर्मा, जेपी सिंह, राजेंद्र मिश्रा, दिग्विजय सिंह, अरुण ठाकुर, संतराम पाटदा, अतुल शर्मा, ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

# डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | द्वितीय ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-03,2083 | विदिशा, दिन बुधवार,दिनांक 03 जून ,2026


## न्यूज गैलरी

### कलेक्टर ने वाटरशेड कार्यों की समीक्षा की

**विदिशा।** कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों ने परियोजनावार बजट, 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण होने वाले कार्य, व्यय और जनवरी 2026 में लंबित कार्यों की प्रगति बताई। गुप्ता ने अमृत सरोवर, पौध डैम, कंटूर ट्रेंच, खेत तालाब और रोपवेज कार्यों में गुणवत्ता व समय सीमा पर जोर दिया।

### 8 जून को अप्रेंटिसशिप मेले में होंगे इंटरव्यू

**विदिशा।** आईटीआई परिसर में 8 जून को युवा संगम कार्यक्रम होगा। आयोजन तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग संयुक्त रूप से करेंगे। जिला रोजगार अधिकारी के अनुसार रोजगार मेला और अप्रेंटिसशिप मेले में निजी कंपनियों के प्रतिनिधि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लेकर चयन करेंगे।

### महिला को मिलेगा बीमा योजना का लाभ

**विदिशा।** जनसुनवाई में गंजबासौदा निवासी कमीला समीद ने पति स्व. सुलिहा समीद के निधन के बाद बैंक द्वारा बीमा योजना की जानकारी नहीं दिए जाने की शिकायत की। जिला प्रशासन की सक्रिय पहल के बाद अब कमीला समीद को 2 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

### 8 को आईटीआई में लगेगा युवा संगम

**विदिशा।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 8 जून को शासकीय आईटीआई विदिशा में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमकरण के आयोजित इस कार्यक्रम में रोजगार मेला और अप्रेंटिसशिप मेला लगाया जाएगा। विभिन्न निजी कंपनियां साक्षात्कार लेकर योग्य युवाओं का चयन करेंगी। 10वीं पास से अधिक शिक्षित 15 से 35 वर्ष आयु के युवा अपने शैक्षणिक प्रमाण साथ भाग ले सकते हैं।

### 12 बच्चों का निःशुल्क उपचार, शूज वितरित

**विदिशा।** अस्पताल में राष्ट्रीय पाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से अनुभवा फाउंडेशन द्वारा जिला फुट दिवस मनाया गया। निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में क्लब फुट से प्रभावित 12 बच्चों का कास्टिंग, टेनोटोमी और ब्रेसिंग विधि से निशुल्क उपचार किया गया। विजिटिंग कंसल्टेंट डॉ. अनुज बाजपेयी ने बताया कि जिला चिकित्सालय के सीडब्लूडीसी केंद्र में अलोक मंगलवार विशेष क्लब फुट क्लीनिक संचालित होती है। इस अवसर पर उपचारित बच्चों को अनुभवा फाउंडेशन द्वारा निशुल्क विशेष शूज भी वितरित किए गए।

### सेवा के लिए एसबीआई शेरपुर शाखा सम्मानित

**विदिशा।** ना उपयोगिता विशेष दस्ता, लक्ष संवेदनशीलता, त्वरित समाधान निवारण एवं पारदर्शी सेवा भाव के लिए एसबीआई शेरपुर शाखा के प्रबंधक अरविंद रावत एवं सर्विस मैनेजर बीमारी पेठ यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया सम्मान मंच के जिला मुख्य कोर्ट प्रकाश शर्मा, महामंत्री सतीश कुमार सोनी एकमोबाट, संगठन सचिव वीरेंद्र साकार, सलाहकार ओमप्रकाश सतुलेटी एवं सम्मानस्थ शर्मा ने प्रदान किया।

## जनसुनवाई: 278 आवेदनों में से 145 आवेदकों की समस्याओं का मौके पर हुआ

# जनसुनवाई: 278 आवेदनों में से 145 आवेदकों की समस्याओं का मौके पर हुआ निराकरण

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

### विवाद, पेंशन, वेतन और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों की भरमार

निचले स्तर के अफसरों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हुए हैं।

### जमीन संबंधी मामले निचले स्तर पर हल नहीं कर पा रहे अफसर

गुलाबगंज तहसील के ग्राम सेलवा की लीलाबाई ने अपनी भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार नटेरन तहसील के ग्राम कुकेश निवासी मुन्नी बाई जाटव ने कृषि भूमि को सर्वेयर्स रूम से पोखराबाड़ी से अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज कराने की शिकायत की। मामले की जांच कर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया। विदिशा की आचार्य कॉलोनी निवासी फूलबाई ने कुटुम्बस्था पेंशन प्रारंभ कराने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को तत्काल कार्यवाही कर योजना अनुसार पेंशन शुरू कराने के निर्देश दिए। पूनमपुरा क्षेत्र में संचालित एक निजी संस्था में कार्यरत कुसुम मेहिता के दो माह से डकारा वेतन भुगतान न होने का मामला भी जनसुनवाई में उठा। शिकायतकर्ता ने संस्था पर वेतन न देने का आरोप लगाया, जिस पर प्रशासन ने जांच के निर्देश दिए। वहीं, पिपौल थाने वाला नगर क्षेत्र निवासी रमेश मीणा ने पति के निधन के बाद बच्चों के भरण-पोषण के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। अधिकारियों ने हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

### सड़क, सीवरेज और कच्चे की समस्याएं ले आवेदन लेकर पहुंचे लोग

सुपेरवती ग्राम के किशन मेहतर ने खेत तक जाने वाले शासकीय रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराई। कलेक्टर ने अधिकारियों को रास्ता शीघ्र खुलवाने के निर्देश दिए। महोबी निवासी विक्रम अहिरवार ने बारदरी सीमांकन की मांग रखी, जबकि कई आवेदकों ने कच्चे, पट्टा, वेतन वृद्धि और कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर विजय विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी, एसडीएम हितेश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दीपमाला कालवानी, डिप्टी कलेक्टर मिनिल जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर अंकुश गुप्ता की सक्रियता के कारण आम लोगों को न्याय मिल पा रहा है।

## पुलिस ने अड़ीबाज बदमाश का बाजार में निकाला जुलूस

### मंडी में व्यापारियों से मारपीट और वसूली का था आरोप

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

### गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं होगी: आनंद राज

कृषि उपज मंडी के व्यापारियों से अड़ीबाजी, मारपीट और धमकाने के आरोपी राहुल अहिरवार (36) का कोतवाली पुलिस ने जुलूस निकाला। आरोपी को मंडी क्षेत्र बरईपुरा मीवाड़ और आवाबाल के इलाकों में घुमाया गया, जहां उसने लोगों के सामने अपराध से तौबा करने की बात कही।

के कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि आरोपी राहुल अहिरवार ने कुछ समय पहले मूर्ति उपज मंडी क्षेत्र में शराब के नशे में व्यापारियों से पैसों की मांग की थी। विरोध करने पर उसने व्यापारियों साथ मारपीट की और उन्हें धमकाया भी था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था, जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

पुलिस ने जनवार दबिश, मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के 3 पर फरार आरोपी राहुल अहिरवार को बरईपुरा से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी को उन स्थानों पर लेकर पहुंची, जहां उसने लोगों को धमकाया था और वसूली और गुंडागर्दी की थी। पुलिस ने आरोपी का जुलूस निकालकर आमजन को यह संदेश दिया कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी आनंद राज ने चेतावनी दी कि शहर में गुंडागर्दी, अड़ीबाजी, मारपीट और आम नागरिकों को परेशान करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अपराध कर लोगों में भय का माहौल बनाने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 6 माह बाद बैंक बोली- यह नकली, पीड़ितों ने एसपी से लगाई गुहार

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

शहर में एक बार फिर गोल्ड लोन के नाम पर बड़ा बैंकिंग फर्जीवाड़ा सामने आया है। इस मामले में बड़ी संख्या में ठगी के शिकार पीड़ित न्याय की गुहार लेकर पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचे। पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि अभिराज शर्मा, अजय, और अन्य लोगों ने उन्हें बातों में लेकर उनके नाम पर बैंक से फर्जी तरीके से गोल्ड लोन पास करा लिया। लोन की रकम उन तक कभी पहुंची ही नहीं। ऐसे हुआ खेल नकली सोना और फर्जी चेक का इस्तेमाल। पीड़ितों को इस धोखाधड़ी की भनक तब लगी, जब बैंक ने उन्हें लगातार रकम का कर्ज चुकाने के नोटिस भेजा दिए। शिकायतकर्ता रोशन अहिरवार, गोपी साहू, के मुताबिक लोन की किश्त उनके बैंक खाते में ट्रांसफर करने के बजाय पहले से तैयार चेकों के

**बैंकिंग कार्रवाई कर रहे**

हमें एक शिकायती आवेदन मिला है, जिसमें कुछ लोगों द्वारा दूसरों को झांसे में लेकर उनके नाम पर गोल्ड लोन कराने और बाद में बैंक नोटिस जारी होने की बात कही गई है। फिलहाल बैंक रिकॉर्ड और संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित जानपानी, एसपी, विदिशा(विदिशा) अन्य लोगों ने मिलकर जी। मामले में चौंकाने वाला मोड़ तब आया, जब पीड़ितों ने दावा किया कि बैंक ने गिरवी रखा गया सोना लोन के दौरान नकली पाया गया।

## टिकट के लिए लग रही भीड़, एटीवीएम मशीन चला नहीं कर पाते यात्री

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

विदिशा के रेलवे प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर 2 एटीवीएम लगी हुई हैं। इनके अलावा 1 मैनुअल बुकिंग विंडो चल रही है। फिर भी अनारक्षित टिकट के लिए यात्रियों की लंबी कतार लग रही है। जबकि बड़ी संख्या में लोग यूटीएस और रेलवन मोबाइल एप के जरिए भी एमएसटी और अनारक्षित टिकट बनाते हैं। इसके बाद भी रेलवान विदिशा स्टेशन पर अनारक्षित टिकट के लिए यात्रियों की भीड़ रहती है। लई लोग एटीवीएम मशीन को ठीक से ऑपरेट नहीं कर पाते। वे उससे टिकट नहीं बना पाते। इसलिए अनारक्षित टिकट के लिए इस तरह कतार में लगे लोग।

मैनुअल काउंटर पर यात्रियों की भीड़ ज्यादा दिखाई देती है। वहीं रनर बेकेशन के चलते इन दिनों आरक्षित और अनारक्षित, दोनों श्रेणियों की टिकटों के स्लाटकम चल रही है। लिए विदिशा से भोपाल और झांसी तक जाने वाली लखनादार ट्रेनों में कोई सीट खाली नहीं मिल रही है। अगले 1 महीने तक ज्यादातर ट्रेनों में इनी रनर की स्थिति बन रही है। इस संबंध में रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति, पश्चिम रेल मंडल भोपाल के सदस्य कमलेश जैन का कहना है कि एटीवीएम मशीन ऑपरेट एप से घरों पर बैठे बना सकते हैं अनारक्षित टिकट इधर मंडल मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के पीआरओ नवल प्रवाल का कहना है कि रेलवे ने वहां सभी सुविधाओं का इंतजाम किया है। एक काउंटर के अलावा 2 एटीवीएम मशीनें लगवाई हैं। यूटीएस एप के बाद लोग चाहें तो घर बैठे रेलवन एप से भी अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा कर सकते हैं। वैसे समर वेकेशन के समय यात्रियों की संख्या में थी कुछ इजाफा होता है।

## बच्ची का सोने का ल□केट काटले गया

डीआर संवाददाता ■ गंजबासौदा

गंजबासौदा शहर में बच्चों की सुरक्षा पर फिर सवाल खड़े हो गए। मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे कोचिंग से घर लौट रही नाबालिग बच्ची के गले से अज्ञात बदमाश ने सोने का लॉकेट काटकर निकाल लिया। दिनदहाड़े हुई वारदात से इलाके में दहशत फैल गई।

जानकारी के अनुसार थाने क्रमांक-3 में पूर्व गया उपाध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल और जिला पंचायत सदस्य मंगल एलिया के मकान के पास विंचर से रहने वाले हजरत जाटव की नाबालिग बेटी रोज की तरह कोचिंग गई थी। लौटते समय रास्ते में अज्ञात व्यक्ति ने बच्ची को रोका। गले से पहना छोटा सोने का लॉकेट चाकू जैसी धारदार चीज से काटकर निकाल लिया। घटना के बाद बच्ची डरी-सहमी घर पहुंची। मां को पूरी बात बताई। परिजन सिटी कोतवाली पहुंचे। लिखित शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि शहर में ऐसी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। इलाके में कई बार चेन स्नेचिंग की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इस बार पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग उठ रही है। नागरिकों ने मांग की है कि संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाई जाए और कोचिंग सेंटर के आसपास पुलिस की नियमित निगरानी रखी जाए।

## महासंघ अध्यक्ष की दो टूक: बिना पार्किंग व्यवस्था व्यापारियों पर कार्रवाई बर्दाश्त नहीं

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

शहर की बाजारों में बच्चों सुधारने के लिए नगर पालिका, प्रशासन, यातायात पुलिस, व्यापार महासंघ द्वारा चिन्हित 6 पार्किंग स्थलों का निर्माण पहले ही किया जा चुका है। नगर महासंघ अध्यक्ष ने इन पार्किंग स्थलों पर सुधारीकरण होना था। इसके लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखकर ध्यान आकर्षित किया गया था। इसके बाद विदिशा में यातायात टीम लगातार गश्त कर रही है। अब यातायात के उपाध्यक्ष और अध्यक्ष घूमने लगे हैं। यदि यहां पार्किंग बनाई गई, तो वाहन का अतिक्रमण की खत्म हो जाएगा। महासंघ के अध्यक्ष ने व्यापारियों का पक्ष लेते हुए साफ किया कि जब तक रेलवे नगरपालिका परिषद में औपचारिकता पूरी करते हुए फीता काटकर पार्किंग का शुभारंभ किया गया तब तक व्यापारियों पर प्रशासन की कोई भी दंडात्मक कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बाल विहार पार्किंग के लिए बेहतर जगह है। अकबरपुरा वाली समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान बनाया जाएगा। खांडेश्वर। इस पूरे गतिरोध पर मुख्य नगर अधिकारी दुर्गेश ठाकुर ने साफ कहा कि सभी चिन्हित जगहों पर पार्किंग व्यवस्था को पूरी तरह सुनिश्चित, शांतिपूर्ण तरीके से शुरू किया जाएगा।

## पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा की 5वीं पुण्यतिथि पर आश्रम में श्रद्धांजलि

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

आनंदपुरम सिद्ध आश्रम आर्यावीर में पूर्व कैबिनेट मंत्री और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि स्वर्गीय पंडित लक्ष्मीकांत शर्मा की पावन पुण्यतिथि श्रद्धा, सेवा और सम्मान के माहौल में मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, धर्मप्रेमी कार्यकर्ता, शुभचिंतक व आम श्रद्धालु पहुंचे। सभी ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। आश्रम परिसर में सामूहिक सामूहिक रहा। लोगों ने कहा, ऐसा लगा जैसे लक्ष्मीकांत शर्मा अपने लोगों के बीच मौजूद हों। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर पुरुषोत्तम दास महाराज सहित कई संतों का सानिध्य मिला। विधिवत पूजन-अर्चन हुआ।

## अभियान | कुआँ-बावड़ियों के संरक्षण और सुरक्षा पर कलेक्टर का जोर

# खुले पड़े कुएं और बावड़ियां ढंकने के आदेश

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

जिले में संचालित जल रंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की कलेक्टर अंकुश गुप्ता ने जिला पंचायत में आयोजित समीक्षा बैठक में समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शामिल क्षेत्रों में स्थित प्राचीन कुएं, बावड़ियां और अन्य पारंपरिक जल स्रोत हमारी अनमोल प्राकृतिक धरोहर हैं, जिनका संरक्षण और आपसी समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करें। बैठक में कलेक्टर ने र ने कुओं और बावड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि जिले में कोई भी कुआं या बावड़ी खुली स्थिति में नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों, विशेषकर बच्चों और ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी खुले जल स्रोतों को आवश्यकतानुसार ढंकने और सुरक्षित बनाने की कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिले की सभी जलाशय परियोजनाओं

**स्थानीय जल स्रोतों को सशक्त बनाना आवश्यक**

जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन की आवश्यकता पर बल देते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि भविष्य में पेयजल संकट की स्थिति से बचने के लिए स्थानीय जल स्रोतों को सशक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से पेयजल आवश्यकताओं की पूर्ति व निर्माण कर उपयोग सुनिश्चित करने की

## वन भूमि पर अवैध कार्य कर रहे ट्रैक्टर पर वन विभाग का शिकंजा

डीआर संवाददाता ■ लटेरी

उत्तर वन परिक्षेत्र की टीम ने मंगलवार सुबह गुरवारा क्षेत्र के कक्ष क्रमांक पी-380 में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। वन विभाग के अमले ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सुबह 8 बजे गोके पर दबिश दी।

वहां वन भूमि पर एक ट्रैक्टर अवैध रूप से कार्य करता पाया गया। अधिकारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए वीडियोग्राफी शुरू कर दी।

वन अमले को देखकर ट्रैक्टर चालक ने वाहन भगाने का प्रयास किया, लेकिन मौके की संकरी गलियों के कारण वह कामयाब नहीं हो सका। इसी बीच आरोपी साहिब खां ने वन विभाग की टीम को वन भूमि पर चलने वाले ट्रैक्टर को जब्त करती वन विभाग की टीम। खुलेआम धमकी दी। उसने कहा, सबको देख लूंगा। इस दौरान उसने कार्रवाई में बाधा डालने की कोशिश की। स्थिति को तनावपूर्ण होते देख उत्तर रेंज के रेंजर राजेंद्र सहरिया ने तुरंत दक्षिण रेंज के रेंजर विवेक चौधरी से अतिरिक्त वन अमले की मांग की। उन्होंने पुलिस प्रशासन को भी मामले की सूचना दी।

मौके पर बड़ी संख्या में वन कर्मियों और पुलिस बल को पहुंचता देख आरोपी भाग गया। इस दौरान कुछ देर तक क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। अंततः टीम ने ट्रैक्टर को पूरी तरह अपने कब्जे में लेकर विधी में खाता कायम दिया। वन विभाग ने प्रकरण दर्ज कर आगे

# डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

द्वितीय ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-03,2083 राजगढ, दिन बुधवार,दिनांक 03 जून ,2026


## न्यूज गैलरी

### खुदकुशी करने टंकी पर चढ़ गई विवाहिता

**राजगढ़** । कलेक्टोरेट और एसपी कार्यालय के बीच स्थित नगर पालिका के ओवरहेड टैंक पर मंगलवार दोपहर एक महिला के चढ़ जाने से हंगामे की स्थिति बन गई। करीब 12.30 बजे महिला टैंक पर चढ़ गई और नीचे उतरने से इनकार कर दिया। सूचना मिलने पर मौजूदा पुलिस और एसपी कार्यालय का अमला मौके पर पहुंचा। काफी समझाइश के बाद महिला को सुरक्षित नीचे उतारा गया। इसके बाद मिनभर चली पूछताछ में ऐसे दावे और आरोप सामने आए, जिन्होंने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया। पुलिस के अनुसार महिला को एसपी कार्यालय ले जाकर महिला पुलिस अधिकारियों ने पूछताछ की। इस दौरान उससे जुड़े पुराने विवाद, घुसपुटनी, मारपीट और दुष्कर्म से संबंधित प्रकरणों की जानकारी सामने आई।

### आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की हो गई मौत

**डाकमक** क्षेत्र के ग्राम सेमला में सोमवार दोपहर तेज आंधी और ओलावृष्टि के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंस की मौत हो गई। किसान बाबूलाल तंवर ने बताया कि उनकी भैंस खेत-खलिहान में बंधी हुई थी। इसी दौरान बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना है।

### सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बने ओम शर्मा

**ब्यावरा** महावीर आवास बड़ा बाग स्थित मंदिर परिसर में सोमवार शाम सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित हुई।। बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षक ओमप्रकाश शर्मा को समाज का अध्यक्ष चुना गया। महेश, उमेश मिश्रा, बद्री प्रसाद पालीवाल, सतीश मिश्रा और शिक्षक बनवारीलाल भार्गव को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं अभिषेक शर्मा को युवा समिति अध्यक्ष बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का समाजजनों ने मालाओं से स्वागत और सम्मान किया। बैठक में समाज के उत्थान और आगामी गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की गई ।

### एकल की मासिक समीक्षा बैठक हुई संपन्न

**गुना।** एकल अभियान मध्य भारत सम्भाग संकल्प भाग के अंतर्गत गुना कार्यालय पर मंगलवार को आगामी कार्यक्रमों को लेकर मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का विषय सुभाषचंद्र एकल की सेवा जनजागरण शिक्षा प्रभारी विनोद सैन महावरी, मध्य भारत संभाग हरि कला अध्यक्ष घनश्याम राघुवंशी, अंचल गुना अध्यक्ष मनीष भार्गव, श्री हरि कला अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव एवं महिला अंचल रामिया रेणू जैन ने मां सरस्वती जी एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर आरंभ कराया। साथ ही संभागीय अधिकारियों ने बैठक को संबोधित कर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा कर कार्ययोजना बनाई गई जिसमें 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर नदी, तालाबों की साफ सफाई एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए गांव में में जन जागरण अभियान चलाना और 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम प्रत्येक विद्यालय ग्राम पर सामूहिकता के साथ संपन्न कराना रहेगा। इसी के साथ ही एकल के पांच माह हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई

## मौके पर लोगों की जमा हुई भीड़, वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किए वायरल

# जनसुनवाई के बीच पानी की टंकी पर चढ़ी महिला, पुलिस-प्रशासन में मचा हड़कंप

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ

जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक महिला पुलिस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए शहर स्थित ऊर्मी पानी की टंकी पर चढ़ गई। जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित गोकड़ खुर्द गांव निवासी महिला द्वारा किए गए इस विरोध प्रदर्शन ने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब कलेक्टर और पुलिस प्रशासन की जनसुनवाई चल रही थी, उसी दौरान तेज धूप और गर्मी के बीच महिला अचानक पानी की बड़ी टंकी पर चढ़ गई। महिला धीरे-धीरे टंकी के ऊपरी हिस्से तक पहुंच गई और वहां से ही जोर-जोर से अपनी बात रखने लगी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कई लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए।

### महिला को सुरक्षित नीचे उतारा

सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और स्थानीय अस्पताल मौके पर पहुंचा। काफी देर तक समझाइश, बातचीत और कठोरा दिखाने के बाद महिला को सुरक्षित नीचे उतारा गया। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की सांसें भी अटकी रहीं, क्योंकि जरा सी चूक बड़ा हादसा बन सकती थी। महिला ने पुलिस अधिकारियों के सामने आरोप लगाया कि वह कई दिनों से थाना और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चक्कर लगा रही है, लेकिन उसकी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने अपने पति, देवर और जेठ पर प्रताड़ना, मारपीट और गलत व्यवहार करने जैसे गंभीर आरोप लगाए। महिला का कहना था कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट होती है और शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया।

### समझा बुझाकर उतारा लोगों की तलाश शुरू

घटना के बाद महिला को पुलिस अधीक्षक कार्यालय ले जाया गया, जहां अधिकारियों ने उसकी शिकायत सुनी। सूत्रों के अनुसार, कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला के परिवार और पड़ोसियों की तलाश शुरू कर दी थी।

### पत्र में आरोप

इधर गांव के एक व्यक्ति ने पीड़िता और गांव के सरपंच के माध्यम से एक परिवार तक सीमित तीर पर एक पत्र पहुंचाया, जिसमें आरोप लगाया गया कि कलेक्टर का मुकदमा उसकी पत्नी को लेकर बना रहा है। पत्र में कथित रूप से कही गई बातों को मंच और मंचित में होने वाले मुकदमा की जिम्मेदारी तय करने जैसी बातें लिखी गई थीं। सामीनों के अनुसार, पहले कुछ पाइपलाइन और खेतों में मुकदमा पहुंचाने की घटनाएं हुई। इसके बाद आगजनी की घटनाएं शुरू हो गईं। सोमवार रात गांव के एक किसान के करीब 11 बीघा खेत से जुड़े सूखे के ढेर में आग लगने की घटना सामने आई। आग में खेत की रखरेखा और अन्य कृषि सामग्री भी जलकर राख हो गई। इससे पहले भी गांव के दूसरे किसान के भूसे में आग लगने की शिकायतें सामने आई थी।

### टंकी पर चढ़कर महिला ने लगाए ये आरोप

कई दिनों से शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने का आरोपमति, देवर और जेठ पर प्रताड़ना और मारपीट के आरोपमुकदमे और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग विरोध के दौरान कहा अब मेरी कोई नहीं सुन रहा

### सुनवाई..

कथित रूप से पीड़ित एक परिवार ने पंचों के सामने अपनी मांगों रखा। पंचों ने आरोप लगाए महिला को मुकदमा की शिकायत के बाद घर में हुआ घमासानहुआ बाद कई तरह और झगड़े की घटनाएं लगातार आपसी से सहमे पंचों ने मंगलवार कृषि सामग्री और मवेशियों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने की मांग की। पंचों ने पहले दिन पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी। पुलिस को सूचना दी गई थी।

### नियमानुसार कार्रवाई करेंगे

महिला की शिकायत और आरोप के आधार पर हर पहलू जांच कर रहे हैं। जांच में सहयोग के लिए भी सही सेना इस नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। शिकायत पूरी जांच कर रहे हैं।

**मंजू मोनिया, टीआई, कोतवाली, राजगढ**

## हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर हादसे में महिला गंभीर

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे ट्रेनिंग ग्राउंड के सामीप एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला और एक तेलंगाना गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। रेखाबाई के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल शाजापुर रेफर किया गया, जबकि जगदीश का उपचार सारंगपुर सिविल अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटनास्थल कार में घायल सहित दो महिलाएं और एक बच्चा सवार थे। हादसे के बाद चालक द्वारा उपचार प्रेक्ष लगाए जाने से वहां मौजूद करीब 65 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला उहान की घंटों में आकर मामूली घायल हो गई। ट्रेनिंग ग्राउंड के सामने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। रेखाबाई के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल शाजापुर रेफर किया गया, जबकि जगदीश का उपचार सारंगपुर सिविल अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटनास्थल कार में घायल सहित दो महिलाएं और एक बच्चा सवार थे। हादसे के बाद चालक द्वारा उपचार प्रेक्ष लगाए जाने से वहां मौजूद करीब 65 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला उहान की घंटों में आकर मामूली घायल हो गई।

## ट्रेन में गूंजी किलकारीरू डाक्टर ने दिया था एक माह का समय

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

राजस्थान के भीलवुर से सूरत जा रही एक गर्भवती महिला ने चलती ट्रेन में रतिवाई-ब्यावरा के बीच में बच्ची को जन्म दिया है। रतिवाई और ब्यावरा स्टेशन के बीच ट्रेन में चक्कर कर रहे एक वाली दंपत्ति ने सूझबूझ दिखाते हुए महिला की सुरक्षित डिलेवरी करवाई। इसके बाद आरपीएफ की मदद से महिला को ब्यावर चिकित्सा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

जानकारी के अनुसार राजस्थान के भीलवुर जिले के बरोड़ी निवासी 30 वर्षीय रेखा पत्नी संजय कुमावत अपने पति के साथ गुजरात के सूरत जा रही थी। वह सोमवार को सूरत-मुजफ्फरपुर ट्रेन के जनरल कोच में बैठकर अकोला सफर कर रही थी। रेखा का नौवां महीना चल रहा था। मंगलवार सुबह 5 बजे रतिवाई और ब्यावरा स्टेशन के बीच अचानक उसे तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। उसी डिब्बे में अकोला के सूरज जा रहा एक दंपत्ति भी सफर कर रहा था। महिला की हालत देखकर दंपत्ति ने मदद के लिए आगे आकर चलती ट्रेन में ही सुरक्षित डिलेवरी करवाई। सुख वैद्य बाद महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। सूचना के बाद आरपीएफ दंपत्ति ने सुरत ब्यावरा स्टेशन पर आरपीएफ से संपर्क किया। ट्रेन स्थलकार एंबुलेंस की मदद से महिला और नवजात को आगाह अस्पताल पहुंचाया गया। विवेक

सूरत-मुजफ्फरपुर ट्रेन के पीछे वाले जनरल डिब्बे में वैसे तो 100 से अधिक सवारी बैठे हुए थे, लेकिन जब महिला को गुना स्टेशन के बाद प्रसव पीड़ा हुई तो किसी ने भी सहयोग नहीं किया। अकोला के मिजमपत्त सिंह अपनी पत्नी के साथ सूरत जा रहे थे। जब उन्होंने महिला को परेशान देखा तो मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया।

## समझौते की बैठक बनी रणभूमि, नातरा के विवाद में लाठी-डंडे और पत्थर चले

डीआर संवाददाता ✍ जीरापुर

जीरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम लालियाखेड़ी में नातरा प्रथा से जुड़े विवाद को लेकर बुलाई गई समझौता बैठक हिंसक संघर्ष में बदल गई। सरस्वती स्कूल के समीप हुई इस घटना में दोनों पक्षों के लोगों के बीच जमकर लाठी-डंडे और पत्थर चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने पूर्व सरपंच सहित नौ नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम महाराजपुरा निवासी बाबूलाल दांगी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है। फरियादी ने बताया कि उसके छोटे भाई फतेसिंह दांगी के पुत्र कमल की शादी वर्ष 2024 में दौलतपुरा निवासी भंवरलाल दांगी की पुत्री

### बातचीत में बड़ा विवाद,

आरोप है कि बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और दौलतपुरा पक्ष के लोगों ने लाठी-गंडासे चुरू कर दी। इसके बाद पत्थरबाजी और लाठी-डंडों से हमला किया गया। हमले में फतेसिंह दांगी को चोटें आईं, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे अन्य लोगों को भी चोट लगी। आरोपियों द्वारा मौके पर खड़ी कार में तोड़फोड़ करने और धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। थाना प्रभारी हुकमचंद मीणा ने बताया कि मामले में प्रकरण दर्ज किया गया।किस्म से हुई थी। विवाह के बाद दोनों परिवारों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया

## माध्यमिक शाला भवन बना खंडहर

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

नगर का सबसे पुराना और ऐतिहासिक माध्यमिक शाला भवन उचित देखरेख और प्रबंधन की अनदेखी के चलते आज खंडहर में तब्दील हो चुका है। गौरतलब है कि वर्ष 1973 में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाशचंद्र सेठी ने छापीहेड़ा नगर के इस विद्यालय का लोकार्पण किया था। इस शाला में पढ़कर निकले नगर के कई युवा आज विभिन्न क्षेत्रों में देश-दुनिया में नगर का नाम रोशन कर रहे हैं।

नया भवन बना तो शुरू हुई पुराने की जर्जरावस्था दिनांक कई वर्षों से यहां पुराना भवन खाली पड़ा हुआ है। दरअसल वर्ष 2003 में इसी परिसर में शासन एवं जनसहयोग की राशि से एक नए दो मंजिला भवन का निर्माण किया गया था, जिसके बाद कक्षा छठी से 12वीं तक की कक्षाएं इस नवीन भवन में स्थानांतरित कर दी गई थीं। इसके बाद पुराने भवन में केवल कक्षा छठी से आठवीं तक का संचालन होने लगा। लेकिन पिछले पांच वर्षों से इन कक्षाओं को भी नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया।

## गर्भपात की दवा खाने से बिगड़ी युवती की तबियत: अस्पताल में भर्ती,पुलिस जांच शुरू की

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

शहर के सिविल अस्पताल में मंगलवार को गुना जिले की एक 19 वर्षीय युवती की तबियत बिगड़ने पर उसे गर्भी कराया गया। सूचनाओं के अनुसार युवती ने गर्भपात होने और गर्भपात की दवा लेने पर गंभीर सामने आया है।

अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर बेहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवती और उसके परिजनों से बयान दर्ज किए।

जानकारी के अनुसार युवा जिले की रहने वाली युवती को मंगलवार दोपहर 12 बजे उसके परिजन पेट दर्द और उल्टियां लगने होने की शिकायत लेकर सिविल अस्पताल ब्यावरा पहुंचे। चिकित्सकों द्वारा जांच करने पर पता चला कि युवती गर्भ से थी और उसने गर्भपात के लिए दवाओं का सेवन किया था। अस्पताल सूत्रों के अनुसार दवा के सेवन से महिला का ब्लड प्रेशर लगातार बढ़ने लगा। अस्पताल प्रबंधन को मामला संदिग्ध लगने पर तुरंत देहात थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और युवती व उसके परिजनों से पूछताछ की। पुलिस ने बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहालयुवती का उपचार सिविल अस्पताल में जारी है। सभी और प्रशासनिक रोग विशेषज्ञ डा. आरके जैन ने बताया कि गर्भपात की दवा खाने से महान का कुछ हिस्सा गिर गया था। जोखिम एक गया था, जिससे रक्तस्राव हो रहा था। युवती को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। फिलहाल में सभी खतरा है कि युवती का गर्भपात सेनाग्रह के एक अस्पताल में कराया गया था। देहात थाना के एसएसआई रामेश्वर साहू ने बताया कि सिविल अस्पताल प्रबंधन से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने युवती और उसके परिजनों के बयान दर्ज किए।

## बसपा की विधानसभा स्तरीय बैठक में बूथ मजबूती पर जोर

डीआर संवाददाता ✍ झालरा

कल्याण बुद्ध विहार झालरा में बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष रामबाबू किकरे, विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह भोंसले तथा जिला कार्यकारिणी सदस्य हरप्रसाद बैग सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए गांव-गांव में पोलिंग बूथों को मजबूत बनाने और संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी मोहन अहिरवार सहित राहुल बाई, राजेन बाई, मुकेश वर्मा, गोपाल गंधावत, महेश गंडल, हजारीलाल, गोकुल प्रसाद तथा रामी सेक्टर, बूथ और पोलिंग पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रुद्र यज्ञ

### वैदिक मंत्रों से गूंज रहा क्षेत्र, समापन पर होगा वृक्षारोपण

# चाटक्या में चल रहा 9वां पंच कुण्डात्मक रुद्र यज्ञ

डीआर संवाददाता ✍ खुजनेर

धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक एकता का संगम ग्राम चाटक्या में देखने को मिल रहा है, जहां 30 मई से 5 जून 2026 तक प्रवा सप्त दिवसीय पंच कुण्डात्मक रुद्र यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

यज्ञ का शुभारंभ 30 मई, शनिवार को हमादि, श्री गणपति पूजन और संकल्प पूजन के साथ हुआ। उसी दिन से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भी हुआ। यज्ञ का समापन 5 जून, शुक्रवार को भव्य गंगा शोभा यात्रा, महाप्रसाद वितरण और कुष्मांडदान कार्यक्रम के साथ होगा। उल्लेखनीय है कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है।

समिति के कैलाश नागर उपाध्यक्ष लखन सालपुरा, सचिव सुरेंद्रसिंह नागर ने बताया कि ग्राम चाटक्या, पाटखेड़ा, मेहरी, नोटी और चौकलेड़ा के समस्त ग्रामवासी यज्ञ की तैयारियों में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि समापन दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बड़ा स्तर एवं ग्राम में सामूहिक वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यज्ञ में सम्मिलित होकर पुण्य लाभार्जित करें।

## प्रशासनिक अमले ने हटाई फैक्ट्री, बहुमंजिला इमारत को ढहाया

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।

जीरापुर में मंगलवार को प्रशासन ने सरकारी भूमि पर किए गए बड़े अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपए मूल्य की सरकारी भूमि से कब्जे से मुक्त कराया। पचोर रोड स्थित कॉलेज के सामने बैठा फैक्ट्री के समीप शासकीय भूमि पर बनाए गए बहुमंजिला भवन, पावर हाउस और कांक्रीट वॉल को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया।

कार्रवाई सुबह से शाम तक चली और पूरे नगर में चर्चा का विषय बनी रही। प्रशासन के अनुसार खसरा क्रमांक 1520/251 की 0.288 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर अनाधिकृत तुड़वा किया गया था। भूमि पर करीब 1600 वर्गफीट का दो मंजिला भवन, 400 वर्गफीट का एक अन्य भवन, पावर हाउस तथा खाली जमीन पर कांक्रीट वॉल का निर्माण कर लिया गया था। राजस्व विभाग द्वारा पूर्व में में अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए गए थे, जिसके बाद मंगलवार को अमले ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

### शामतक चली कार्रवाई, बुल्डोजर और पोकलेन से तोड़े अवैध निर्माण

सुबह करीब 9.30 बजे शिवा पुरुषोत्तमदास सूर्यवंशी द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण किया गया था। भूमि पर करीब 1600 वर्गफीट का दो मंजिला भवन, 400 वर्गफीट का एक अन्य भवन, पावर हाउस तथा खाली जमीन पर कांक्रीट वॉल का निर्माण कर लिया गया था। राजस्व विभाग द्वारा पूर्व में में अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए गए थे, जिसके बाद मंगलवार को अमले ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में टीम मौके पर पहुंची। एक जेसीबी और दो पोकलेन मशीनों की सहायता से अवैध निर्माणों को हटाने का कार्य शुरू किया गया।

सबसे पहले कांक्रीट वॉल को तोड़ा गया, इसके बाद सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन और पावर हाउस को जमींदोज किया गया। कार्रवाई ई देर देर शाम र तक जारी रही।

पचोर रोड हाईवे से लगी यह भूमि व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जाती है। ऐसी में करोड़ों मूल्य की इस जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराना प्रशासन की बड़ी कार्रवाई है।